प्रेसनोट दिनांक 13-02-2021 जनपद मुरादाबाद।

1 – चोरी की घटना के प्रकाश में आया अभियुक्त मोबाइल सहित गिरफ्तार, थाना मझोला:-

दिनांक 12-02-2021 को वादी श्री रोहित पुत्र प्रेम सिंह निवासी पाली की मढीया थाना असमोली जनपद सम्भल हाल निवासी नया गांव अम्बेडकर नगर थाना मझोला मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा वादी का मोबाईल ओपो टच स्क्रीन रंग गोल्डन को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना मझोला पर तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0 137/21 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में दिनांक 13-02-2021 को उ0नि0 श्री संजय सिंह थाना मझोला ने मय हमराही पुलिसबल प्रकाश में आये अभियुक्त फईम पुत्र कमरुद्दीन निवासी नई बस्ती आईएम कॉलेज के पास थाना कोतवाली जनपद अमरोहा को मय चोरी किये गये मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया।

2 – नाजायज चाकू सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार, थाना मझोला:-

1.दिनांक 12-02-2021 को उ0नि0 श्री संजय सिंह थाना मझोला ने मय हमराही पुलिसबल पर अभियुक्त राहुल पुत्र प्रमें सिंह निवासी शिव मन्दिर के पास राम तलैया थाना मझोला मुरादाबाद को मय 01 चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0 138/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

2.आज दिनांक 13-02-2021 को का0 ब्रजेश कुमार व का0 रणवीर सिंह थाना मझोला ने मय हमराही पुलिसबल अभियुक्त 1.गोविन्द पुत्र तुली चन्द्र निवासी कुन्दनपुर थाना मझोला मुरादाबाद को मय 01 चाकू नाजायज सहित, 2.राहुल पुत्र तिलक राम निवासी अगवानपुर चौकी के पास थाना सिविल लाइन मुरादाबाद को मय 01 चाकू नाजायज सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मझोला पर क्रमशः मु0अ0सं0 140/21 व 141/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

3 – नाजायज चाकू सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, थाना मूंढापाण्डे:-

दिनांक 12-02-2021 को उ0नि0 श्री अमित कुमार थाना मूंढापाण्डे ने मय हमराही पुलिसबल अभियुक्त 1.साजिद पुत्र मारुख निवासी ग्राम आदमपुर थाना भोजपुर मुरादाबाद को मय 01 चाकू नाजायज सहित, 2.मौहम्मद आसिफ पुत्र अली हसन निवासी बसावंत पुर थाना भोजपुर मुरादाबाद को मय 01 चाकू नाजायज सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मूंढापाण्डे पर क्रमशः मु0अ0सं0 36/21 व 37/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।